आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन ज़िले के विधायकों को ज़िले की सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने के लिए प्रयास करने को कहा है। उन्होंने आज शिमला में सोलन ज़िले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने जनकल्याण व प्रदेश के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने विधायकों को इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए भी प्रयास करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सोलन ज़िले का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

शांडिल

सेना की आठवीं बटालियन डोगरा रेजिमेंट का 77वां स्थापना दिवस आज कांगड़ा ज़िले के ज्वालामुखी में मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि इस रेजिमेंट ने देश की रक्षा में अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि ये बटालियन वर्ष 1948 में बनाई गई थी और बटालियन ने 1962, 1965, 1971 और कारगिल युद्ध में अपना योगदान दिया है। शांडिल ने बताया कि वर्तमान सरकार ने सेनाओं और वीर सैनिकों का सम्मान करते हुए कुल 6 सौ 20 शौर्य पुरस्कार विजेताओं को करीब एक करोड़ 87 लाख रुपये की राशि आबंटित की है।

किशन कपूर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री दिवंगत किशन कपूर का आज धर्मशाला के समीप खन्यारा में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। किशन कपूर

का बीते कल पीजीआई चंडीगढ़ में लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया था। अंतिम संस्कार के मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने दिवंगत नेता को अंतिम विदाई दी। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित पार्टी के अन्य नेता इस अवसर पर मौजूद रहे। राजीव बिंदल ने किशन कपूर के निधन को भाजपा और प्रदेश की राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि केवल दो वर्षों में हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बना है। वे आज शिमला ज़िले के जुब्बल क्षेत्र के सुंडली में एक खेल प्रतियोगिता के समापन पर बोल रहे थे। एनुअल स्टेट ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट के 2024 के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के रीडिंग स्तर में हिमाचल को पहला स्थान मिला है जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

योजना

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत चंबा जिला के 7 राजस्व गांवों को चिन्हित किया गया है, जहां सोलर संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इन गांवों की जनसंख्या 2 हज़ार से अधिक है। ज़िले में संयंत्र स्थापित करने का कार्य शुरू हो गया है और कई कंपनियां ये कार्य कर रही हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि चार माह के बाद एसेसमेंट की जाएगी और सबसे अधिक संयंत्रों वाली पंचायतों को केंद्र सरकार द्वारा पुरस्कार के तौर पर एक करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से जहां बिजली के बिल में राहत मिलेगी, वहीं ग्रीन हिमाचल का सपना भी साकार होगा।

हादसा

किन्नौर ज़िले में शौंगटौंग के समीप बीती रात एक मिक्सचर वाहन के सतलुज नदी में गिर जाने से दो युवकों के लापता होने की सूचना है। हादसे में लापता हुए युवकों की पहचान जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ निवासी रिखी परियार और उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी कन्यालाल के रूप में हुई है। दोनों लापता युवकों की तलाशी के लिए एनडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाया है।

.........................................................................................................................